Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to allocate funds for 'Rashtriya Janjati Sangrahalaya' at Mangarh Dham in Banswara district, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) : राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश की सीमाओं पर स्थित आदिवासियों के पवित्र धाम "मानगढ़ धाम" को राष्ट्रीय जनजाति संग्रहालय, राजस्थान बनाये जाने हेतु प्रथम चरण में राजस्थान सरकार द्वारा 22.40 करोड़ रूपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट स्वीकृत की गई है। प्रथम चरण में जनजाति स्वतंत्रता संग्रहालय का काम शुरू किया गया है। प्रथम चरण की परियोजना लागत रूपये 12.76 करोड़ है। शेष कार्य द्वितीय चरण में लिए जायेंगे। इस संबंध में राजस्थान सरकार को भारत सरकार के जनजाति मंत्रालय का पत्र दिनांक 12.01.2017 को प्राप्त हुआ था। इस पत्र में वर्ष 1857 में मानगढ़ में अंग्रेजों के खिलाफ हुए संघर्ष में बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को चिन्हित करने के लिए संग्रहालय स्थापित करने की बात की गई। इसकी अनुपालना में आयुक्त, जनजाति क्षेत्र विकास विभाग, उदयपुर द्वारा मानगढ़ धाम में जनजाति स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय स्थापित किये जाने हेतु रूपये 12.76 करोड़ की परियोजना के प्रस्ताव 18 अप्रैल, 2017 को जनजाति मंत्रालय, भारत सरकार को भिजवाये गये। इस परियोजना का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 3.12.2017 को किया जा चुका है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि राष्ट्रीय जनजाति संग्रहालय, मानगढ़ धाम, बांसवाड़ा हेतु रूपये 12.76 करोड़ की स्वीकृति राशि अतिशीघ्र आबंटन कराने की कृपा करें।